हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 मई 2024

06 नगरपालिका ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए ग्राम भड़ेरु में ...



08 हादसों की घाटी बालमपुर, पिछले 1 साल में हो चुकी...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 3125 | 3565 |
| गेहूं 1544 | 2200 | 3000 |
| चना | 4610 | 6591 |
| मसूर | 4500 | 6160 |
| सोयाबीन | 3301 | 4720 |
| सरसों | 5000 | 5510 |
| धान | 1600 | 3253 |
| तेवड़ा | 5301 | 5377 |
| धनिया | 6000 | 6000 |

## खबर संक्षेप

### बाढ़ से बचाव की तैयारी के संबंध में बैठक आज

**विदिशा।** बारिश के दौरान बाढ़ और राहत कार्यों के संबंध में आज कलेक्टर द्वारा बैठक ली जाएगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में टीएल बैठक के बाद होगी। जिसमें विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज होगी

**विदिशा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को होगी। बैठक कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में 11.30 बजे से शुरू होगी। जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव व लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एलएस यादव ने बताया कि बैठक में समिति सदस्यों के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित होने की सूचना दी गई है। बैठक में 26 मार्च की बैठक में लिए गए निर्णय व कार्रवाई के पालन प्रतिवेदन सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी का स्थाई कोच लगेगा

**विदिशा।** पश्चिम मध्य रेल से टर्मिनेट होने वाली भोपाल-हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस में थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी का एक अतिरिक्त स्थाई कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। ये अतिरिक्त स्थाई कोच गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस में अपने प्रारम्भिक स्टेशन हावड़ा से 20 मई को और गाड़ी संख्या 13026 भोपाल - हावड़ा एक्सप्रेस में अपने प्रारंभिक स्टेशन भोपाल से 22 मई को गंतव्य के लिए एक तृतीय इकोनॉमी वातानुकूलित श्रेणी का स्थाई कोच लगाया जा रहा है। रेल यात्रियों को थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी की अतिरिक्त कुल 80 बर्थ की सुविधा मिलेगी।

### पदाधिकारी निर्वाचित

**विदिशा।** द्वारकाधीश समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी का निर्वाचन निर्वाचन अधिकारी कमलेश सेन के मार्गदर्शन में हुआ। वहीं पूर्व कार्यकारिणी के सदस्यों का सम्मान किया गया। नई कार्यकारिणी में उदयपाल सिंह चंदेल अध्यक्ष, ओम प्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष, रामानंद मिश्रा सचिव, राजकुमार सारस्वत कोषाध्यक्ष, धर्मेश पलिया सह सचिव बनाए गए। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी के मनोनीत सदस्यों का हर फूल माला पहनाकर बधाई दी।

### सिविल लाइन थाना क्षेत्र में फिर से सक्रिय हुए चोर, बढ़ रहीं वारदातें

# मंगलसूत्र लूटने वाला गिरफ्तार पुरानी चोरियों का खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई चोरियों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है और चोर फिर से सक्रिय हो गए हैं। अहमदपुर चौराह स्थित बायपास के नजदीक हाईवे किनारे सैकड़ों मकान बन गए हैं। यह मकान न तो कवर्ड केंपस में हैं न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम यहा हैं।

पूर्व में इन मकानों में कई चोरियां हुई, लेकिन एक भी चोरी का अब तक खुलासा नहीं हो सका। वहीं बालाजी ऑर्किड कॉलोनी में भी दो बार चोरी की वारदातों हो चुकी हैं, जिनका भी पुलिस सुराग नहीं लगा पाई। अब चोर गिरोह फिर से सक्रिय हो गए हैं और चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। हालांकि सिविल लाइन पुलिस ने द्वारकापुरी कालोनी में हुई मंगलसूत्र लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी राजेश शाक्य पिता शिवनारायण शाक्य उम्र 30 साल निवासी थावरिया मोहल्ला नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ हाल पता राघवजी कालोनी को मंगलसूत्र लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई जा रही है। लूट में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने जब्त की है। फरियादिया पिस्ता चतुर्वेदी निवासी द्वारकापुरी कालोनी 9 मई को सुबह करीब 6 बजे अपनी गली में घूम रही थी तभी लाल रंग की बाइक से चोर गले में पीले रंग को तौलिया डालकर आया और उनके गले से मंगलसूत्र झटक लिया। मंगलसूत्र टूट गया तो आधा मंगलसूत्र आरोपी लेकर बाइक से भाग गया और आधा टूटकर गले में ही रह गया था। चोर की तलाश में पुलिस ने एक टीम घटनास्थल रवाना की। घटनास्थल के आसपास व शहर मे लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजेश शाक्य पिता शिवनारायण शाक्य निवासी राजपूत कालोनी को पकड़कर पूछताछ की। जिसने घटना करना स्वीकार किया।

### बायपास पर हुई चोरियों का अब तक नहीं लगा सुराग



**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने उदयनगर कॉलोनी में महिला के गले से मंगलसूत्र झपटने वाले चोर को किया गिरफ्तार।

### ढाबों पर बैठकर करते हैं प्लानिंग

शहर से गुजरे बायपास पर कई ढाबे हैं, जो देर रात करीब 2 बजे तक खुले रहते हैं। गुलगांव सहित सांची के आसपास के गांव में चोर गिरोह हाईवे पर पहुंचते हैं। जहां बैठकर ढाबों पर टाइम पास करते हैं। जैसे ही अधिक रात हो जाती है तो यह अपने काम को अंजाम देना शुरू कर देते हैं और बायपास के आसपास के घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर बायपास से ही भाग निकलते हैं।

# 27 साल जिस विभाग में नौकरी की उसी विभाग में अब काटने पड़ रहे चक्कर

- आयकर समायोजित न होने के कारण होना पड़ रहा परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सुनो सरकार

सरकार सुशासन की बात तो बहुत करती है, लेकिन सरकारी कार्यालयों की हकीकत कुछ और होती है। इसकी बानगी अगर देखना है तो जनपद पंचायत लटेरी में देखी जा सकती है।

जनपद पंचायत लटेरी के पूर्व सहायक विकास विस्तार अधिकारी रघुवीर सहाय सक्सेना का वर्ष 2013-14 और 2014-15 का आयकर तो विभाग ने काट लिया, लेकिन आज तक समायोजित नहीं किया। जिसके कारण आयकर विभाग द्वारा अब उन्हे नोटिस दिए जा रहे हैं। इस संबंध में सक्सेना ने 3 अप्रैल को कलेक्टर को आवेदन दिया। इसी तारीख को जिला पंचायत सीईओ को भी आवेदन दिया। इससे पहले उन्होंने 12 मार्च को सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की थी। उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। 8 अप्रैल को उन्होंने आरटीआई के तहत जानकारी मांगी तो उनका आवेदन ही खारिज कर दिया गया।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत भी हो चुके

सक्सेना ने जनपद पंचायत लटेरी में 27 साल नौकरी की और मप्र शासन से अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत हुए। उन्हे स्वयं को अपने काम के लिए भटकना पड़ रहा है। बार बार चक्कर लगाने पर जनपद पंचायत के ऑपरेटर एवं कर्मचारी अब उन्हे दादागिरी दिखाते हैं और अधिकारी कठपुतली बनकर तमाशा देखते रहते हैं। पूर्व सहायक विकास विस्तार अधिकारी रघुवीर सहाय सक्सेना ने कलेक्टर से जनपद पंचायत लटेरी की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# ओपन स्कूल की परीक्षाएं आज से,9 परीक्षा केंद्रों बने

### बिना प्रवेश पत्र कक्षा में एंट्री नहीं मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ओपन स्कूल की ओर से आयोजित मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड, रुक जाना नहीं व राज्य ओपन की वार्षिक परीक्षाएं 20 मई से शुरू होने जा रही हैं। यह परीक्षा विदिशा जिला मुख्यालय पर 9 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। जिन छात्रों की तरफ से ऑनलाइन आवेदन किया गया है वे अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें। बिना प्रवेश पत्र के केंद्रों में प्रवेश नहीं मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि परीक्षार्थी की सुविधा के लिए राज्य ओपन की साइट पर कई वीडियो अपलोड किए गए हैं। जिनमें विषय से जुड़े विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की ओर से कठिन प्रश्नों को सरल तरीके से समझाया गया है। परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी के लिए साइड पर अपलोड वीडियो से भी अपनी तैयारी कर सकते हैं।

### विद्यार्थी नहीं ले जा सकते यह सामग्री

परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी अपने साथ मोबाइल फोन, पेजर, सेल्यूलर फोन, हाथ लिखी पर्ची, प्रिंटेड पर्ची, पुस्तक, गाइड, कॉपी और कैलकुलेटर कोई भी सामग्री लेकर नहीं आएं। परीक्षा केंद्र पर तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। अगर परीक्षा कक्ष में किसी परीक्षार्थी के पास इस तरह की कोई सामग्री पाई जाती है, तो नकल का मामला दर्ज किया जाएगा।

# बस स्टैंड और अस्पताल के सामने फिर हुआ अतिक्रमण, रख लीं गुमटियां, तान दिए तंबू

### नपा की अतिक्रमण हटाओ मुहिम ठंडी पड़ते ही अतिक्रमण होना शुरू हो गया



**विदिशा।** बस स्टैंड की मुख्य सड़क पर फिर से हाथ ठेले खड़े होने लगे हैं।



**विदिशा।** यात्रियों को खड़े होने और बैठने के लिए बनाई व्यवस्था में रखी गुमठी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में अतिक्रमण की रफ्तार फिर से बढ़ गई है। सड़कों के किनारे भारी मात्रा में अवैध तरीके से गुमठियां, हाथ ठेले खड़े किए जा रहे हैं।

यहां तक को ठीक है, लेकिन कुछ अतिक्रमण कारियों द्वारा भारी भरकर दुकानें नुमा गुमठियां भी रख ली हैं। बस स्टैंड क्षेत्र में यात्रियों को बैठने और खड़े होने के लिए बनाई गई जगह पर तक कब्जा हो गया है। यहां की कुर्सियों को उखाड़कर फेका जा रहा है और गुमठियां रखी जा रही हैं। इसके अलावा अस्पताल के सामने की सड़क प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बाद भी यहां पर फुटपाथ पर कब्जा कर गुमठियां फिर से रखी गई हैं। इतना ही नहीं अबकी बार तो और भी बड़ी जगह में कब्जा किया गया है। जहां पर चाय नाश्ते के साथ रेस्टोरेंट तक संचालित किए जा रहे हैं। यहां अवैध दुकानें तानने की तैयारी चल रही है। वर्तमान में अतिक्रमण कर जो दुकानें लगाई गई हैं उनमें बकायदा फ्रिज रखे हैं, बिजली के अस्थाई कनेक्शन तक हो गए हैं। रात 1 बजे तक भी यह दुकानें खुली रहती हैं। जबकि नए अस्पताल रोड को कलेक्टर पंकज जैन ने प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया था और यहां पर कोई भी गुमठित, ठेला, दुकान आदि लगने पर तत्काल कार्रवाई कर दुकानें हटाने के निर्देश नगरपालिका को दिए गए थे। इन अवैध दुकानों के कारण ही अस्पताल की कैंटिन तक संचालित नहीं हो पाई है। वहीं नगरपालिका भी कई बार यहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर चुकी है। इसके बाद भी यहां फिर से अतिक्रमण कर दुकानें लगा ली जाती हैं। बाजार में दुकानें रात 10 बजे बंद होती हैं, लेकिन यह अवैध दुकानें रात 1 बजे तक खुली रहती हैं।

- ठोस कार्रवाई न होने के कारण बढ़ता जा रहा है अतिक्रमण।

### शिविर में ब्रेस्ट कैंसर व मासिक धर्म में सावधानी रखने की जानकारी दी

**विदिशा।** रविवार को सेवा भारती का एक दिवसीय निवेदिता भारती बहनों का प्रशिक्षण वर्ग सुबह 10 से शाम के 5 बजे तक सीआईएसटी कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमे बहनों को योग अभ्यास, फैशन डिजाइन, हैंड राइटिंग की जानकारी दी और साथ में ब्रेस्ट कैंसर और मासिक धर्म में सावधानी कैसे रखी जाए उसकी डॉक्टर द्वारा जानकारी दी गई। वर्ग में सेवा बस्तियों की 40 बहनें शामिल हुईं। इस दौरान आनंद शरण, देवांश अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, सरोजबाला बघेल, स्मिता एलिया उपस्थित रहीं।

### जैन संस्कृति गुणग्राही संस्कृति है: विनम्र सागर महाराज

**विदिशा।** जैन संस्कृति गुणग्राही संस्कृति है। इस संस्कृति में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और लोक में स्थापित सभी साधुओं को उनके गुणों के आधार पर नमस्कार किया जाता है। उपरोक्त उद्गार मुनि विनम्र सागर महाराज ने अरिहंत विहार जैन मंदिर प्रांगण में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के पांचवें दिन प्रातःकालीन धर्मसभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि तन के सुअर तो कर्म की निर्जरा कर मोक्ष चले जाते है लेकिन जो मन के सुअर होते हैं, वह पंच इंद्रियों के व्यसनों में रमण कर इसी संसार में पड़े रहते हैं। उन्होंने शास्त्रोक्त कथा के माध्यम से कहा कि जंगल में लोट रहा सुअर शेर की गुफा में एक ध्यानस्थ मुनिराज को देखता है और गुफा के द्वार पर रक्षक बन शेर से युद्ध कर मुक्ति को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि जैन संस्कृति ने आत्मा के शोधन की बात तो की है, लेकिन कभी व्यक्ति विशेष को नमस्कार नहीं किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि विधान के पांचवें दिन विधानाचार्य अविनाश भैय्या भोपाल एवं अनूप भैया विदिशा द्वारा भक्ति भाव के साथ संगीतकार नीलेश जैन बुड़ार की स्वर लहरियों के साथ आचार्य गुरुदेव की भक्ति करते हुए 512 अर्घ समर्पित किए गए। आज सोमवार को विश्व शांति महायज्ञ विश्व में शांति की भावना से किया जाएगा।

### मोहिनी एकादशी पर बालाजी मंदिर से शुरू हुई उदयगिरि की परिक्रमा



**विदिशा।** मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा मोहिनी एकादशी के पर्व पर सुबह 6 बजे बालाजी मंदिर से भगवान बालाजी का पूजन कर ध्वज का पूजन कर उदयगिरि परिक्रमा की गई। जो वैत्रवती के घाटों पर स्थित मंदिरों पर पूजन करते हुए उदयगिरि पहुंची। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों ने पूर्ण उत्साह के साथ परिक्रमा में हिस्सा लिया। भजन कीर्तन करते हुए नृत्य करते हुए लोग चल रहे थे। परिक्रमा में प्रमुख रूप से शिवकुमार तिवारी, सरदार सिंह कुशवाह, मोनू कुशवाह, खुमान सिंह कुशवाह, गजेंद्र प्रताप सिंह, बबलू कुशवाह, मूलचंद केवट, कल्याण सिंह, विनोद श्रीवास्तव, विकास कुशवाह, भुजबल विश्वकर्मा, हल्के पटेल, चिरंजी लाल आदि भक्तों ने हिस्सा लिया। परिक्रमा के संचालक संजय पुरोहित ने बताया की परिक्रमा हर महीने की जाती है। परिक्रमा का उद्देश्य धार्मिक संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं समर्थ का भाव पैदा करना है।

### आकांक्षी जिला व ब्लाक संबंधी बैठक आज होगी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नीति आयोग द्वारा विदिशा जिला व बासौदा विकासखंड को आकांक्षी जिला व खंड की सूची में शामिल किया गया है। नीति आयोग के निर्धारित पैरामीटर अनुसार जिला व बासौदा विकासखंड में संचालित प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति का जायजा लेने के उद्धेश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई हैं। सोमवार को कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया कि सोमवार को आयोजित होने वाली नीति आयोग के कार्यो की समीक्षा बैठक में केवल महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा केपीआई पैरामीटर के आधार पर की जाएगी। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को समुचित जानकारियों सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### सात दिवसीय योग और ध्यान शिविर का समापन हुआ

# प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित नियमित योगाभ्यास का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



हार्ट फुलनेस सेंटर में 7 दिवसीय ध्यान एवं योग शिविर का समापन हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर, सहायक संचालक राजेश बागडे, हुकुम सिंह सूर्यवंशी, केसी अहिरवार सहित लगभग 180 से अधिक अभ्यासी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हार्टफूलनेस सेंटर के वॉलिंटियर्स को उनकी सेवा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं विदिशा में योग के लिए कार्य करने वाले योग साधकों को प्रमाण पत्र वितरण किए । उन्होंने विदिशा जिले के स्कूलों में योग की गतिविधियों को नियमित किए जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि स्कूलों में नियमित योग अभ्यास कराए जाएंगे एवं इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने जीवन में नियमित योगाभ्यास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजकल की आपाधापी भरी जीवन शैली में नियमित योग व मेडिटेशन से जीवन में संतुलन एवं समभाव स्थापित होता है। अभ्यासियों ने हार्ट फुलनेस सेंटर विदिशा में प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से नियमित योग एवं ध्यान करने का भी संकल्प लिया।

### पत्रकारिता की दशा और दिशा पर चिंतन और मनन करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन

# मीडिया की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रचार विभाग ने नारद जयंती का आयोजन किया। रविवार शरद स्मृति न्यास ने महर्षि नारद जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

भोपाल से आए मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार शरद द्विवेदी और मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ मनीष निगम शामिल हुए। मुख्य वक्ता शरद द्विवेदी ने कहा कि नारद मुनि जी की स्मृति में आज के परिवेश में पत्रकारिता की दशा और दिशा पर चिंतन और मनन करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नारद जी आज की पत्रकारिता के संवाहक हैं, पहले प्रतिनिधि हैं। हमने पत्रकारिता की मानक और मूल्यों को समझने की कोशिश की। पत्रकार का काम निष्पक्ष रूप से सूचनाओं को सामने लाए। नारद जी ने निष्पक्ष रूप से सूचनाओं को यहां से वहां किया है। चाहे देव हो या दानव हो, नारद जी दोनों की सूचनाओं के आदान-प्रदान करने में हमेशा निष्पक्ष रहे हैं। शरद द्विवेदी ने यह भी कहा कि कई बार नारद मुनि जी ने दानवों की महत्वपूर्ण बातें देवताओं तक और देवताओं की बातें दानवों तक पहुंचाई, जिससे संतुलन बना रहता था। आज के दौर में पत्रकार सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की सूचनाओं में बिना किसी भेदभाव के खबरों को प्रसारित करते हैं। लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में मीडिया की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता, इसलिए पत्रकारों को लोकतंत्र के संरक्षक के रूप में जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाना चाहिए।

उन्होंने वर्तमान की पत्रकारिता के बदलते परिवेश पर चिंता जाहिर करते हुए पत्रकारों को सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। बताया कि नारद जी ने अपने पत्रकारिता मे संदेश या समाचार वाचन में कभी गलती नहीं की। पत्रकार बंधु भी इसका अनुपालन करें।

संगोष्ठी में विदिशा के अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ मनीष निगम, शरद स्मृति न्यास के प्रमुख रामकिशोर अग्रवाल, मध्य भारत प्रांत के सह प्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव, आयाम प्रमुख डॉक्टर सुदीप शुक्ला, प्रेम सिंह धाकड़, मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि देवऋषि नारद विश्व के प्रथम संचारक माने जाते हैं। पत्रकारों को सत्य आधारित संचार का काम करना चाहिए।




**विदिशा।** बस स्टैंड स्थित पुरानी नपा के सभा कक्ष में संगोष्ठ का आयोजन हुआ।

## खबर संक्षेप

### कई घंटों तक बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार को मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक पचमा बायपास क्षेत्र में बिजली प्रदाय बंद रखा गया। जिससे नागरिकों को भीषण गर्मी में बगैर कूलर, पंखा के गर्मी में परेशानियों के बीच समय निकालना पड़ा। वहीं दूसरी ओर दोपहर के बाद राजेन्द्र नगर क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर में गर्मी के चलते आग लग गई। जिससे विद्युत खंभे की केबल लाइन जलकर राख हो गई। विद्युत ट्रांसफार्मर और केबल में आग लगने के बाद इस क्षेत्र का बिजली प्रदाय बंद कर, विद्युत कर्मियों द्वारा ट्रांसफार्मर और केबल लाइन को दुरुस्त करने का कार्य शुरु किया गया। जिसके चलते राजेन्द्र नगर क्षेत्र में 3 से 4 घण्टे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। वहीं सुबह के समय 8 से 12 बजे तक मैंटेनेंश के चलते बिजली प्रदाय बंद रहने से लोगों को परेशानी हुई।

### कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया

**गंजबासौदा।** जनपद सदस्य रानी रघुवंशी ने ग्राम भिदवासन में शासकीय उचित मूल्य दुकान का अनाज भिदवासन एवं मासेर उचित मूल्य दुकान का अनाज मासेर ग्राम में वितरित कराने की मांग को लेकर कलेक्टर को एक पत्र प्रेषित किया है। जिसमें कहा गया है कि त्योंदा ब्लॉक के भिदवासन एवं ग्राम मासेर उचित मूल्य दुकानों का अनाज पिछले कई महीनों से ग्राम सनाई उचित मूल्य दुकान पर वितरित किया जा रहा है। ग्राम सनाई की दूरी ज्यादा होने के कारण हितग्राही अनाज लेने नहीं पहुंच पा रहे हैं, लोगों को बड़ी असुविधा हो रही है। जनहित को ध्यान में रखते हुए ग्राम भिदवासन का अनाज ग्राम भिदवासन में तथा मासेर का अनाज मासेर ग्राम में ही वितरित कराया जाये।

### रेलयात्री ट्रेन से गिरकर हुआ घायल



**गंजबासौदा।** प्रकाश कांकड़ जो एक डेथ केस में जाने के लिए विदिशा से सुमावली जाने के लिए क्षिप्रा एक्सप्रेस के जनरल कोच में चलती गाड़ी में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर स्लिप हुआ और वो प्लेटफार्म और डिब्बे के बीच फंस गए। ट्रेन के गार्ड (ट्रेन मैनेजर) रोमेश चौबे द्वारा उनको गिरते देख तुरन्त प्रेशर गिराकर गाड़ी को रोक दिया गया और उनको गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच से बाहर निकाला। उनके दोनो पैरों में चोट आई चूंकि उनका जाना जरूरी था तो उनको अपने डिब्बे में लाकर प्राथमिक चिकत्सा करते हुए उनको चाय, नाश्ता देकर गंज बासौदा से उनको जनरल डिब्बे में बैठाकर रवाना किया गया।

### चार हेक्टेयर में फैली थी जमीन, कुछ जमीन किसानों के कब्जे में थी

# नगरपालिका ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए ग्राम भड़ेरु में करवाया सीमांकन







**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

रविवार को नगर पालिका परिषद द्वारा ग्राम भड़ेरू में ट्रेंचिंग ग्राउंड का सीमांकन करा दिया गया। लगभग 4 हैक्टेयर में फैली जमीन का सीमांकन करते हुए सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, नगरपालिका सीएमओ जयंत वर्मा सहित अन्य नपा कर्मियों और पटवारी, आरआई, इंजीनियर की उपस्थिति में चूने की लाइन ट्रेंचिंग ग्राउंड की सीमा तक डलवाई गई। इसके बाद जेसीबी की मदद से गड्ढे करवाए गए और छोटे पिलर लगाकर नपा द्वारा इस जमीन को अपने आधिपत्य में ले लिया गया।

ज्ञात हो की ग्राम भड़ेरू के इस ट्रेंचिंग ग्राउंड का सीमांकन ना होने के कारण नपा के पास कितनी जमीन है इसका पता नहीं लग पा रहा था। साथ ही आसपास के किसानों के कब्जे में भी कुछ जमीन आ रही थी। यही नहीं ट्रेंचिंग ग्राउंड की बाउंड्री वॉल का सीमांकन के अभाव में निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था। सीमांकन हो जाने के बाद अब बाउंड्रीवाल निर्माण का रास्ता साफ हो गया है और नपा के ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन भी सुरक्षित हो जाएगी। अब नपा अपनी इस 4 हेक्टेयर जमीन पर कचरा निष्पादन, खाद इकाई संचालन सहित अन्य गतिविधियां आसानी से कर सकेगी। इस मौके पर समाजसेवी विजय अग्रवाल, पटवारी देवेंद्र गौर, दिनेश नरवरिया , आशीष नायक, आरआई सौरव प्रजापति, नपा की उपयंत्री मोहनी कोरी, मुख्य लिपिक जितेन्द्र अरोरा ,स्वच्छता अधिकारी जावेद खान, सहज तेनगुरिया स्वच्छ भारत मिशन सुनील शर्मा, नीरज विश्वकर्मा और नपा अमला मौजूद रहा। यहां उल्लेखनीय है कि नगर को लंबे समय से ट्रेचिंग ग्राउण्ड की आवश्यकता थी। लेकिन पर्याप्त जगह में एवं उचित स्थान पर ट्रेचिंग ग्राउण्ड न मिल पाने से लंबे समय से समस्या बनी हुई थी। अब यह समस्या भी निराकृत हो गई है और अब कचरे का अच्छे से निराकरण होने के साथ जैविक खाद भी बन सकेगी।

## प्यासे पशुओं को पेयजल के लिए पंचतत्व संस्था रख रही हौदी




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

पंचतत्व संरक्षण समिति के पक्षी चेतना अभियान के तहत प्यासे पक्षियों के पानी के लिए सकोरे का वितरण तथा सड़क पर घूमते प्यासे पशुओं के पानी के लिए होदी रखना निरंतर जारी है। इस अभियान के तहत समिति ने वार्ड 8 के निवासी नरेंद्र सिंह राजपूत मसूदपुर के निवास के बाहर एक टंकी रखी जिसके भरने की जिम्मेदारी भंवर देवव्रत सिंह ने ली। ऐसे ही समिति ने विशंभरा कॉलोनी निवासरत महेश कुमार तिवारी के निवास के बाहर एक टंकी रखी। जिसकी जिम्मेदारी महेश तिवारी ने ली। पंचतत्व के इस अभियान से लोगों में जन जागृति आ रही है। लोगों के होदी को भरने की जिम्मेदारी लेने पर पंचतत्व द्वारा अभी तक लगभग 28 होदी रखी जा चुकी हैं। यह कार्य भीषण गर्मी में पशु पक्षियों को पूर्ण समर्पित है। इस अवसर पर पंचतत्व संरक्षण समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, हनीफ फजलानी, प्रमोद सिंह, पवन रिछारिया, अमित शुक्ला, नरेंद्र राजपूत, महेश तिवारी, देवव्रत सिंह, विक्रांत सिंह सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### दुर्घटनाएं रोकने नहीं किया इंतजाम

गंजबासौदा। नगर की बासौदा सिरोंज मार्ग स्थित ग्राम गंज के पास स्थित मोड पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन प्रशासन ने अभी तक कोई ऐसा ठोस कदम नहीं उठाया है कि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। न तो वहां साइन बोर्ड लगाकर यात्रियों को और आने-जाने वाले वाहन चालकों को दिशा निर्देश के बोर्ड लगाए गए हैं और न ही अन्य उपाय किए गए हैं। जिससे किसी न किसी दिन बड़ी दुर्घटना घट सकती है। वैसे भी सांकेतिक बोर्ड ना होने के कारण कई बार छोटी नहीं बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

## प्रताड़ना तंग युवक ने घर में ही कर ली आत्महत्या





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा**

शनिवार को शाम के समय त्योंदा में एक युवक ने अपने ही घर में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत के बाद नाराज परिजनों ने रविवार की सुबह मृतक का शव सड़क पर रखकर चक्का जाम करते हुए मृतक के परिजनों ने परिवार के ही सदस्य व अन्य लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार त्योंदा निवासी सुरेंद्र पुत्र भारत सिंह कुशवाहा उम्र 35 वर्ष अपने घर में कमरे के अंदर तोलिया से गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

जिसे देख परिजन अस्पताल लेकर पहुँचे। यहां डॉक्टर ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बारे परिजनों से पूछताछ की गई। मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया। तो वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी अस्पताल में पहुंचे। मामला शनिवार की देर शाम होने के चलते मृतक का पीएम रविवार की सुबह किया गया। इसके बाद मृतक के नाराज परिजन और रिश्तेदार थाने के सामने मुख्य सड़क पर मृतक का शव रखकर जाम लगाकर बैठ गए। पीडित परिजनों ने परिवार के ही सदस्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। जिसमें करीब 20 से 25 मिनट तक जाम जैसे हालात बने रहे। इस दौरान प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी व पुलिसकर्मी मौके पर पहुँचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से चर्चा कर कार्रवाई का आश्वासन दिया और प्रदर्शन समाप्त करने की समझाईश दी। पुलिस ने मृतक के परिजनों की ओर से एक शिकायती आवेदन लिया। जिसमें थाना प्रभारी द्वारा जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद मौके से मृतक के परिजन शव लेकर मौके से उठ गए।

जिसके बाद सड़क से पूरी तरह आवागमन शुरू हो सका। पुलिस की मौजूदगी में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। उधर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में

## मानस भवन में दस दिवसीय योग के साथ आध्यात्मिक विकास शिविर का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**



रविवार से स्थानीय मानस भवन में 10 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ मुंबई से आईं योग प्रशिक्षिका डॉ. गीता जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. गीता जैन ने कहा कि जिसके पास स्वास्थ्य है, उसके पास आशा है और जिसके पास आशा है उसके पास सब कुछ है।

मालूम हो कि स्वयं स्वस्थ्य बनो एवं मानव सेवा अभियान के तत्वावधान में योग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं पैरेंटिंग फ़ॉर पीस के माध्यम से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ नागरिकों के व्यक्तित्व निर्माण स्वास्थ्य लाभ एवं अध्यात्म विकास के लिए योग शिविर का शुभारंभ हुआ है जो 28 मई तक प्रतिदिन प्रात 6 बजे से आयोजित रहेगा। मुंबई से पधारी डॉ. गीता जैन, दीपक जानी, अनिल ओसवाल, ज्ञानचंद जैन, डॉ. आर सी शर्मा, प्रणय जैन, कटियार, हरिओम भावसार, मधु ओसवाल, राकेश जैन एवं गोपाल सिंह रघुवंशी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में डॉ. गीता जैन ने कहा कि प्रकृति ने हमें सहज ही स्वस्थ शरीर दिया है, परन्तु हम अपने आहार बिहार की गलतियों से इसे बिगाड़ लेते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए तो बहुत सी विधाएं हैं, पर शरीर के साथ साथ मन को केवल योग के माध्यम से स्वस्थ रखा जा सकता है। योग स्वयं को स्वयं से जोड़ता है एवं अपने ही भीतर अंतर्मन में डुबकियां लगाने का अवसर देता है।

शिविर के दौरान मेरिडियन एक्सरसाइज के माध्यम से शरीर के समस्त जोड़ों के व्यायाम का अभ्यास कराया। सोमवार से पंतजलि के अष्टांग योग के सत्र लगेंगे। शिविर में त्रिफला जल से सभी साधकों का नेत्र प्रक्षालन भी कराया गया।

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चे सीख रहे खेल की बारीकियां

**गंजबासौदा।** स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य एमसी शर्मा के निर्देशन तथा ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र जैन की उपस्थिति में ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कराते, बैडमिंटन और कबड्डी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कराते का प्रशिक्षण कृष्ण गोपाल जोगी, कबड्डी का राहुल विश्वकर्मा, साथ ही बेडमिंटन का प्रशिक्षण एसके जैन के द्वारा दिया जा रहा है। इस शिविर में बच्चों की अभिरुचि अनुसार नृत्य, गायन और चित्रकला का अभ्यास भी कराया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 15 मई से 5 जून तक चलेगा। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को स्वच्छ पेयजल के लिए विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने वाटर कूलर भी उपलब्ध कराया है।




### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

**गंजबासौदा।** हिंदू चेतना सेवा समिति विदिशा मंडल गंजबासौदा द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने हेतु जारी है। इसी के तहत नगर के अलग-अलग हनुमान मंदिर पर समिति द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। इसी कडी में दिनांक 18 मई 2024 को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर वार्ड नंबर 2 फ्रीगंज गंजबासौदा पर हनुमान चालीसा पाठ किया गया। जिसमें हिंदू वीर एवं मोहल्ले के कई सदस्य उपस्थित रहे। पाठ के पश्चात अर्णव रघुवंशी ने नशा मुक्ति पर आधारित एक शिक्षाप्रद गीत जीना है तो पापा शराब मत पीना सुना कर सभी से नशा न करने की अपील की। पाठ में हिंदू वीर राकेश रघुवंशी, रवि रघुवंशी, वीर कुशवाहा, नीरज साहू ,अखिलेश तिवारी ,लव गुर्जर, लखन गुर्जर ,राजा विश्वकर्मा ,एवन सिंह विश्वकर्मा ,नितिन अग्रवाल ,नरेंद्र राय ,संजय चौबे ,राजेश शर्मा, विनोद सेन , हरि सिंह ,पंकज तिवारी, पंकज दुबे ,हिर्देश शर्मा ,वेदांश ,दीपक पंथी, आयुष चौहान, रविंद्र राजपूत, दिनेश चौरसिया, योगेंद्र माझी एवं मोहल्ले के कई युवक बुजुर्ग एवं महिलाएं सम्मिलित हुईं।

### भीषण गर्मी और उसम से लोग हो रहे बीमार

**गंजबासौदा।** इन दिनों इलाके भर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। भीषण गर्मी के कारण लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। गर्मी के कारण लोगों को घबराहट, उल्टी, दस्त, बुखर, सिरदर्द, चक्कर आने आदि की समस्याएं देखी जा रही हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं तथा आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। लगातार बढते तापमान को देखते हुए चिकित्सकों ने भी नागरिकों को सलाह दी है कि दोपहर में घरों से बाहर निकलने से बचें, आवश्यकता हो तो अपने शरीर विशेषकर मुंह, सिर, हाथ को कपडों से ढंककर बाहर निकलें, शीतल पेय, ठंडे रसीले फल, शीतल जल पीते रहें। कोई परेशानी होने पर तुरंत उपचार कराएं।

### एलबीएस कॉलेज में हुईं खेल प्रतियोगिताएं

## 50 पुरुष, 20 महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् द्वारा लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में खेलो भारत के अंतर्गत पुरुष एवं महिला वर्ग में शोर्ट पुट, गोला फेंक, ओपन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे 50 से अधिक पुरुष व 20 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने अपना ज़ोर दिखाया। पुरुषों में अमित कुशवाह प्रथम, विपिन मालवीय द्वितीय स्थान व नीतीश मीना तृतीय रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रथम गुड़िया शर्मा, मनीषी सेनी द्वितीय व गौरी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गईं। अभाविप जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि अभाविप हर वर्ष खेल प्रतियोगिता आयोजित कराती आ रही है। हमारी कोशिश है कि युवा प्राचीन खेलों को न भूलें, उन्हें विलुप्त होने से बचाने के लिए आगे आएं क्योंकि उन्हें सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर परिषद् के अभिषेक रघुवंशी, तनवन्त मालवीय, उत्कर्ष, गजेंद्र, फरहान, वंश, मनजीत, ध्रुव, अनुज, स्वयं, गौरव, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

### एड्स से डरना नहीं समझना होगा



गंजबासौदा। शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में विश्व एड्स वैक्सीन दिवस का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू, दीपक तिवारी, सतीश शिल्पकार, सतीश सेन, भुवनेश माथुर ,डॉ रवि शर्मा ,जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में किया गया। जिसमें सुनील बाबू ने कहा कि भारत में 80 से 90000 मामले एड्स के आते हैं पिछले वर्ष 87000 मामले दर्ज हुए। जिसमें से 69000 लोगों की जान चली गई। यह आंकड़े दुर्भाग्य जनक हैं। कार्यक्रम का संचालन संयोजक दीपक तिवारी ने किया एवं कार्यक्रम को डॉक्टर रवि शर्मा एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी लोगों ने संकल्प लिया कि इस दिवस को जन जागरण के रूप में मनाया जाएगा एवं लोगों को जागरूक किया जाएगा। अंत में आभार सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया।

## त्रिमूर्ति जिनालय में मुनि संघ के सानिध्य में हुआ आचार्य श्री विद्यासागर यति भवन का शिलान्यास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**



आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से स्थानीय बरेठ रोड पर स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर (त्रिमूर्ति जिनालय) में मुनि अजित सागर जी महाराज मुनि नीराग सागर जी महाराज एवं ऐलक विवेकानंद सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में आचार्य श्री विद्यासागर यति भवन का शिलान्यास किया गया।

साथ ही 9 दिवसीय सर्वोदय सम्यक ज्ञान विद्या शिक्षण शिविर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय सह मंत्री एवम भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि एडवोकेट मुकेश रघुवंशी भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने मुनि संघ के समक्ष श्रीफल समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मूलनायक भगवान आदिनाथ का महा मस्तकाभिषेक एवं बृहद शांतिधारा की गई। उसके उपरांत संगीतमय पूजन मुनि संघ के सानिध्य में हुई। पूजन के उपरांत 9 दिवसीय सर्वोदय सम्यक ज्ञान विद्या शिक्षण शिविर के समापन पर परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें लगभग 300 शिविरार्थियों ने हिस्सा लिया।

हर वर्ग की कक्षाओं में से प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मंदिर प्रांगण में ही पुरुस्कृत किया गया। वही शिक्षण शिविर में अध्ययन कराने वाली ब्रह्मचारिणी दीदी और ब्रम्हचारी भाईयो का सम्मान आयोजकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल नेतृत्व ब्रम्हचारी मयूर भैय्या ने किया वही त्रिमूर्ति जिनालय के अध्यक्ष आदेश जैन द्वारा उपस्थित श्रावक श्रेष्ठियों, आगंतुकों, अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इसी दौरान त्रिमूर्ति जैन मंदिर के धर्म सभागृह एवं संत निवास का भूमि पूजन करने के लिए मुनि अजीत सागर महाराज ने अपने कर कमल से विश्वंभरा परिवार को चांदी की गैती प्रदान की। उसी से भूमि पूजन कार्य प्रारंभ करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राजेश तिवारी, पूर्व केंद्रीय सह मंत्री, विश्व हिंदू परिषद सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

विधायक के पत्र के बाद नपा सीएमओ बोले- सफाई को लेकर विधायक जी क्यों चिंता कर रहे है ये आप उन्ही से पूछें

# शहर में लगा गंदगी का अंबार, विधायक ने लिखा सीएमओ को पत्र, सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने के दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका की कार्य प्रणाली को लेकर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने चिंता व्यक्त की है। हाल ही में उन्होने सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका को एक कडा पत्र लिखा। उसमें उन्होने सफाई व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र शहर की सफाई व्यवस्था की जाने की बात कही है। विधायक के पत्र लिखने के बाद नगर पालिका सीएमओ पवन शर्मा कुछ उखडें उखडे से लग रहें थे। उन्होने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था का काम तो नगर पालिका का है। फिर विधायक ने नगर पालिका को पत्र क्यो लिखा। यह बात तो पत्रकार स्वंय विधायक जी से पूछ सकते है।

## आखिर क्यों लिखना पड़ा विधायक को नपा को पत्र

विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर पालिका सिरोंज को पत्र में लिखते हुए नगर में आगामी वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए नालों एवं नालियों की विशेष सफाई, नगर की स्वच्छता व्यवस्था सहित विशेष अभियान चलाने हेतु, की गई कार्यवाही एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी भेजने की बात कही की। वही उन्होने कहा कि आगामी वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए अभी तक नगर पालिका परिषद सिरोंज के अंतर्गत नगर सिरोंज में स्वच्छता, बड़े-छोटे, पक्के कच्चे नाला नालियों की मरम्मत, साफ-सफाई नहीं की गई है। इस वर्ष बरसात जल्दी होने की संभावना है और बड़े-छोटे, कच्चे पक्के नाले-नाली तथा बरसाती पानी निकलने वाले प्रवाह क्षेत्र के स्थानों की तत्काल साफ-सफाई, गहराई, खुदाई, मरम्मत की कार्यवाही की गई है या नही और इसकी क्या कार्ययोजना बनाई गई एवं निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर क्या कार्ययोजना बनाई गई है। उक्त कार्यों में किस-किस अधिकारी - कर्मचारी की ड्यूटियाँ लगाई गई हैं और योजना से आगामी 10 दिन की विशेष अभियान की दृष्टि से क्या कार्य योजना बनाई गई है। स्वच्छता की दृष्टि से क्या-क्या काम अत्याधिक बरसात होने पर पॉलिथीन, कचरा आदि जल प्रवाह में नाला नालियों में बाधा न बने इस हेतु क्या अभियान चलाया गया था और वर्तमान समय में चलाया जा रहा है उक्त जानकारी से अवगत कराने की मांग की। साथ ही नगर के बड़े एवं छोटे, कच्चे पक्के नालों की साफ-सफाई, स्वच्छता विशेष अभियान चलाकर कराई जाए तथा वार्ड अनुसार नालों की सूची एवं सफाई व्यवस्था की जानकारी तथा उत्तरदायी अधिकारी-कर्मचारी की वार्डवार जानकारी मांगी।

## विधायक ने नपा से मांगी जानकारियां

नगर की छोटी एवं बड़ी नालियों की साफ-सफाई, दुरुस्ती (मरम्मत) स्वच्छता कराई जाए एवं दवाई छिडकाव कराया जाए तथा वार्डवार जानकारी और ड्यूटी चार्ट व नदी की साफ-सफाई, स्वच्छता, गहरीकरण आदि की क्या कार्यवाही करेंगे क्या कार्ययोजना है जानकारी एवं ड्यूटी चार्ट। नगर के प्रत्येक वार्डों में हेण्डपंप लगे हुए हैं उनमें से कितने हेण्डपंप चालू हैं कितने हेण्डपंप बिगड़े है कितने हेण्डपंप सुधारे जा सकते हैं और सुधार हेतु अभी तक क्या-क्या प्रयास किये गए उक्त कार्य की वार्डवार जानकारी। साथ ही नगर के समस्त वार्डों में कितने कुऐं हैं कितने कुएं चालू हैं कितने कुओं में पानी है कितने कुरें सूखें हैं तथा कितने कुओं में हेण्डपंप लगे हुए हैं और कितने कुओं में जाल लगे हुए हैं कितने जाल और हेण्डपंपों की मरम्मत (दुरूस्ती) किया जाना आवश्यक है व कितने प्रचलित कुऐं चालू हैं जिनका उपयोग किया जा रहा है उनकी साफ-सफाई, उनको उघरवाना, दवाई इत्यादि डलवाना तथा उक्त कार्य कितने कुओं में हो गया है कितने कुओं में करवाना है कितने कुओं में टूट-फूट की मरम्मत कराना है प्रत्येक वार्डवार मोहल्लावार, कुआंवार जानकारी लिखित में प्रदान करें तथा आवश्यकतानुसार साफ-सफाई, कुआं उघरवाना, मरम्मत आदि के कार्य करने का कष्ट करें। उक्त संपूर्ण जानकारी से आगामी 5 दिवस में अवगत कराए। नगर के अनेक वार्डों के कई स्थानों पर जगह-जगह कचरे के ढेर एवं घूरे लगे हुए हैं उन्हें तत्काल वर्षा पूर्व विशेष अभियान चलवाकर, विशेष साफ-सफाई, स्वच्छता एवं दवाई का छिडकाव किया जाए। उन्होने कहा कि आगामी बरसात को दृष्टिगत रखते हुए साफ-सफाई, स्वच्छता एवं आदि अन्य कार्यों के लिए कार्ययोजना बनाई गई है या फिर कोई आदेश निकाले गये हैं। उक्त कार्यो की जानकरी वार्डवार ड्यूटियाँ लगाई गई हैं उक्त दृष्टि से 10 दिन के लिए क्या कार्ययोजना है वार्डवार जानकारी देने का कष्ट करें।

## नालों व नालियों की साफ-सफाई की मांगी जानकारी, नियमित सफाई करवाने के दिए निर्देश

नगर के छोटे एवं बड़े, कच्चे एवं पक्के नालों के नाम, बड़ी नालियों के नाम की वार्डवार जानकारी व सूची देने का कष्ट करें। विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने पत्र में कहा कि आम जनता द्वारा अवगत कराया गया है कि नगर सिरोंज में साफ-सफाई ठीक से नहीं हो रही है। गंदगी के अनेक जगह ढेर लगे हुए हैं, नालियाँ गंदगी एवं पन्नियों से भरी पड़ी हैं। कोई अधिकारी-कर्मचारी निरीक्षण एवं देख-रेख नहीं कर रहे हैं। बीमारी फैलने की आशंका है। यदि एकाएक बरसात हो जाती है तो वार्डवासियों को बाढ़ एवं अनावश्यक जल भराव का सामना करना पड़ेगा, जिससे जान माल की हानि होने की संभावना है। साथ ही साफ-सफाई हेतु तत्काल कार्यवाही करें। एक संयुक्त टीम बनाकर नगर की छोटी-बड़ी नाली, छोटे-बड़े नाले, जल निकास के कच्चे नाले-नालियों की सफाई, कचरा घूड़ा की साफ-सफाई एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया जाए जिससे वर्षा पूर्व ही समस्त आवश्यक कार्य किए जा सके तथा सावधानी बरती जाए। जिससे जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि जनहित में वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए आगामी कार्ययोजना से लिखित रूप से 5 दिवस में अवगत कराने का कष्ट करें तथा स्वच्छता, बड़े-छोटे नालों एवं नालियों की साफ-सफाई नियमित कराए तथा आगामी वर्षा पूर्व की कार्ययोजना से लिखित रूप से अवगत कराए और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। जहां-जहां पुल-पुलियों का निर्माण आवश्यक है उसकी जानकारी भी वार्डवार देने का कष्ट करें। यदि किसी भी वार्ड में अधिकारियों - कर्मचारियों की लापरवाही से अनावश्यक रूप से जल भराव की बाढ़ की स्थिति बनती है तो उसके लिए वार्ड के प्रभारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को उत्तरदायी माना जायेगा। अभी शिकायतें मिल रहीं है कि वार्ड प्रभारी अपने-अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे हैं, स्वच्छता, निर्माण, अतिक्रमण, अवैध निर्माण कार्य आदि का ध्यान नहीं रख रहे है, अतिक्रामकों की सूचना नगरपालिका एवं नगरपालिका प्रशासन को नहीं दे रहें हैं, परिणामस्वरूप नगर में अतिक्रमण बढ़ रहा है जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है। जिससे सरकार की छबि खराब हो रही है। उन्होने कहा कि वार्ड दरोगा, वार्ड प्रभारी, सफाई प्रभारी तथा नगरपालिका के विभिन्न विभागों के अधिकारियों - कर्मचारियों को विशेष निर्देश लिखित एवं मौखिक रूप से देने का कष्ट करें जिससे कि नगरपालिका की कार्य पद्धति में जनहित में सुधार हो तथा मध्यप्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनहित में कार्यवाहियां हो सके। साथ ही नगर में स्वच्छता, निर्माण कार्य, सौंदर्यकरण आदि अन्य आवश्यक दृष्टिकोण से सुधार आए और उन्नति हो।

## वार्ड क्रमांक 6 की पुलिया निर्माण 10 वर्षों से चल रहा कागजों में

नगर के वार्ड क्रमांक 06 तलैया मोहल्ला में जो पुलिया है उस पुलिया को लेकर वार्डवासी काफी परेशान है। प्रतिवर्ष बारिश के समय दर्जनो मकान उक्त पुलिया के कारण पानी से लबालब हो जाता है। वार्ड में ऐसे एक या दो ही घर होगें जिनमें बारिश का पानी न भराता हों। वही जब बारिश बंद हो जाती है तो नपा के कुछ अधिकारी,कर्मचारी वहा पहुचकर वापवाई लूटने लगते है। साथ ही नपा प्रशासन वार्डवासियो के बीच पहुचकर कहते है कि शीघ्र ही पुलिया निर्माण किया जाएगा। लेकिन कई वर्षो से देखा जा रहा है कि नपा प्रशासन द्वारा कई आश्वासन दिए गए लेकिन आज तक पुलिया के निर्माण कार्य के लिए न तो कोई ठेकेदार वहा पहुचा और कोई इंजीनियर। जहां तक लोग कहते है कि शायद नगर पालिका के अधिकारियो ने तलैया मोहल्ले की पुलिया का निर्माण भी कागजो में ही करवा दिया होगा। इसको लेकर तरह तरह के कयाश लगाए जा रहें है।

### शहर के अतिक्रमण पर भी विधायक ने की चिंता जाहिर

सिरोंज में फैले अतिक्रमण को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने नपा को पत्र लिखकर चिंता जाहिर की है। लेकिन नपा ने अतिक्रमण को लेकर कोई सख्त कदम नही उठाया। नपा के उपर प्रशासन अतिक्रमण को लेकर कोई निर्देश देता है तो नगर पालिका औपचारिकता के लिए जेसीबी ले जाकर फोटो खिचवाकर मीडिया और सोशल मीडिया पर आने के बाद उक्त मुहिम को नपा वही समाप्त कर देती है।

### नपा ने सफाई व्यवस्था को लेकर प्रेस विज्ञप्ति की जारी

विधायक उमांकात शर्मा के नपा को पत्र लिखने के बाद नगर पालिका ने एक सुंदर सी प्रेस विज्ञप्ति जारी की और एक ही दिन में दर्जनो वार्ड के नालो की सफाई व्यवस्था को लेकर ट्रैक्कर जेसीबी के बारे में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। साथ ही उसमें विधायक उमाकांत शर्मा का निर्देश भी लिख दिया। जबकि वार्डो में गंदगी और नालो की स्थिति अभी कुछ और कह रही है।

### सीएमओ बोले

हरिभूमि ने जब सीएमओ पवन शर्मा से बात की और उनसे पूछा कि नगर पालिका परिषद का दायित्व तो सफाई का रहता है। फिर आखिर विधायक उमाकांत शर्मा क्यों नपा को पत्र लिखना पडा उनकी क्या मजबूरी थी और सफाई को लेकर विधायक ने क्यों गहरी चिंता व्यक्त की। जिस पर सीएमओ पवन शर्मा ने तेजी से जवाब देते हुए कहा कि हमारे द्वारा तो सफाई तेजी से चल रही है। विधायक जी को सफाई को लेकर क्यों चिंता हो रही है उसकी जानकारी आप उन्ही से लें।

# नगर से लगी कृषि भूमियों पर हो रहा अवैध कॉलोनियों का निर्माण, बेचे जा रहे प्लॉट

**अवैध कॉलोनी बनाने वाले को एसडीएम ने दिया नोटिस, निवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

दशकों से नगर सीमा से लगी कृषि भूमियों को अवैध कालोनी बना कर छोटे-छोटे भूखण्डो में प्लाट के रूप में विक्रय किए जाने का सिलसिला चलता रहा और आज भी बना हुआ है। अपने घर का सपना देखने वालों को कॉलोनाइजरों द्वारा प्लाट बेंचते समय सुनेहरे सपने, विकास, बिजली, पानी, नाली, पार्क इत्यादि की बाते मौखिक एवं फोल्डरो में दर्शा कर प्लाट बैंच दिए जाते हैं। कान बना कर निवास करने वाले मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह कर परेशानियां झेलने मजबूर बने रहते है। पिछले दिनों मारूति नगर के निवासियों ने ज्ञापन सौंप कर सड़क, नाली निर्माण करवा करजल भराव समस्या समाधान की मांग की थी।

### नियमों की अनदेखी कर हो रहा कॉलोनी निर्माण

नगर से लगी सीमा के भीतर उदयपुरा रोड पर अशोक भूतडा पुत्र स्व. हरकिशन भूतडा द्वारा भूमि सर्वे क्रं. 254/1/1 रकबा 1.297 हे. पर कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। 6 मई को राजस्व निरीक्षक डायवर्सन द्वारा निर्मित की जा रही कालौनी का निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और एसडीएम संतोष मुदगल को बताया कि भूतडा द्वारा कॉलोनी में विकास कार्य सड़क, बिजली, नाली, बाउंड्रीबाल,गार्डन इत्यादि का कार्य नहीं कराया गया एवं कालौनी निर्माण में नजूल, अनापत्ति प्रमाण पत्र, रेरा, टीएण्ड सीपी कालोनाइजर्स लायसेंस, विकास अनुमति लायसेंस कालोनाइजर्स भूमि स्वामी के पास नहीं पाया गया पंचनामा प्रस्तुत किया, उक्त पंचनामा से ऐसा प्रतीत होता है कालोनाईजर रजिस्ट्रीकरण निवर्धन तथा शर्तो का उल्लंघन किया जा रहा है, जो दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

### भूतडा को दिया नोटिस

नपं. कालोनाइजर एवं किसी भी कालोनी के लिए नये प्रावधानों के अन्तर्गत कालौनी में मूलभूत सुविधाएं और विभिन्न अनुमति प्राप्त कर ही प्लाट बेचे जा सकते हैं। उक्त संबंध में एसडीएम संतोष मुदगल द्वारा 21 मई को मय समस्त दस्तावेज, अनुमतियों के साथ कालोनाइजर अशोक भूतडा को उपस्थित होने का नोटिस दिया है। अन्यथा एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। नगरीय प्रशासन के पत्र में नियमानुसार अवैध कॉलोनी निर्माण में नए नियम में थाने में एफआईआर दर्ज कराने का प्रावधान है।

### अन्य कॉलोनियों का क्या

नगर की सीमा से लगी कृषि भूमियों पर दर्जनों अवैध कॉलोनी बनी है, बन रही है। इन अवैध कॉलोनियों में मकान बनाकर निवास करने वाले हजारों परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित बने हुए है। नपं. द्वारा इन अवैध कॉलोनियों में सड़कों, नालियों, पानी इत्यादि की व्यवस्थाओं पर लाखों करोड़ों की राशि खर्च की जा चुकी है और विकास कार्यो पर राशि खर्च करने का सिलसिला बना हुआ है। इन अवैध कॉलोनियों को वैध करने और आगे इस प्रकार की स्थिति न बने इसके लिए अवैध कॉलोनी बनाने वालों के प्रति प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई होना भी जरूरी है।

# नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने वस्त्र निर्माण इकाई केंद्र का किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

आजीविका मिशन सागर के द्वारा संचालित महिला वस्त्र निर्माण इकाई का आज अवलोकन करते हुए नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार ने महिलाओं से ड्रेस निर्माण फैंसी ड्रेस निर्माण बाजार से मिला आर्डर और डिजाइन के अनुसार वस्त्र निर्माण तकनीकी पर गहन चर्चा की और केंद्र का निरीक्षण किया। उनके साथ अभिषेक घोष जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड रहे।

प्रभाष मडोतिया ने बताया की महिलाएं राज्य शिक्षा केंद्र के मांग के आधार पर स्कूल यूनिफॉर्म तैयार करती है इस कार्य में उन्हें दक्षता हासिल है और यह कार्य हुए संकुल स्तरीय संगठन के माध्यम से पूरा करती हो जिला प्रबंधक प्रभास ने आजीविका मार्ट का भी अवलोकन कराया जिले में चल रही गतिविधियों पर चर्चा करते हुए अनूप तिवारी जिला प्रबंधक ने बताया कि सागर में 30 करोड़ रुपए से अधिक का टर्नओवर महिलाओं के द्वारा देव श्री और मुक्ता महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से किया जा रहा है। जिले में प्रदेश का एक अभिनव प्रयोग नेट हाउस कल्टीवेशन प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें सिंजेंटा फाउंडेशन के सहयोग से जिले में 200 किसानों के यहां 20 मी गना 20 मी का प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन विधि से सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया जावेगा। यह नेट हाउस बना प्रारंभ हो गए हैं इसमें जल ग्रहण मिशन ने भी आर्थिक मदद दी है संकुल की ओर से राधे तिवारी और डॉ. वीरेंद्र करी ने वेदिका संकुल स्तरीय संगठन तथा वस्त्र निर्माण इकाई की प्रचलन तकनीकी पर मुख्य महाप्रबंधक से चर्चा की।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**बरेली।** दिगम्बर जैन महिला महासमिति के तत्वाधारन में संत भवन में आयोजित कार्यक्रम में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के छात्र-छात्राओं, उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज की महिलाओं जैन महिला महासमिति के पदाधिकारियों के साथ समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिखर चंद जैन ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष अंजली जैन ने किया।

# मंडी में बनी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला बनी शोपीस

## किसानों द्वारा अनुमान से किया जा रहा रासायनिक खाद का उपयोग

**मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला निर्माण पर लाखों खर्च, एक भी नहीं हुआ परीक्षण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कृषि प्रधान नर्मदा क्षेत्र जिसके अन्तर्गत बाड़ी, बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों के सैकडो ग्राम और हजारो किसानों का मुख्य धंधा कृषि और सब्जी उत्पादन बना हुआ है। क्षेत्र के हजारो किसानों द्वारा सिंचाई सुविधा का लाभ उठा कर वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। प्रति सीजन किसानों द्वारा हजारो टन रासायनिक खादों का अपने अनुभव अनुमान के साथ उपयोग किया जा रहा है। दशकों पूर्व कृषि उपज मंडी कार्यालय के बगल में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का लाखों की राशि खर्च कर निर्माण हुआ। प्रयोगशाला बन गई उपकरण भी आ गए परंतु कर्मचारियों की पद स्थापना न होने से एक भी मिट्टी परीक्षण अभी तक नहीं हुआ है। खेतों की मिट्टी में किन तत्वों की अधिकता और किन जरूरी तत्वों की कमी है। इसके लिए किसानों को कितनी मात्रा में रासायनिक खादों का उपयोग किया जाना चाहिए यह सब कुछ मिट्टी परीक्षण की रिर्पोट आने पर पता चलता है। किसान पहले खेतो में देशी खाद डाला करते थे, अब खेतों में देशी खाद डालना लगभग बंद हो गया है। पहले किसान वर्ष में एक या दो फसलों का उत्पादन करते थे, अब वर्ष भर में तीन फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। जिसमें अब सबसे अधिक जरूरी मिट्टी का परीक्षण हो गया है। बिना मिट्टी के परीक्षण किसानों द्वारा भारी मात्रा में प्रति सीजन महंगे रासायनिक खादों का उपयोग किया जा रहा है। जिनका कितना लाभ फसलों, मिट्टी को मिल रहा है, मालूम ही नहीं पडता और खरीफ में धान और रवि सीजन में गेंहू, चना की बोवनी के समय डीएपी, यूरिया जैसी रासायनिक खादों की कमी और किल्लत किसानों को उठाना पडती है। बिना परीक्षण रासायनिक खादों के भारी उपयोग से किसानों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

# धामोनी वाले बाबा के उर्स में रात भर चलता रहा कव्वालियों और गजलों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सर्वधर्म कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मोहम्मद इश्हाक बली शामी उर्फ बाबा बालजति शाह रह. अलैह धामौनी वाले बाबा के तीन दिवसीय सालाना उर्स में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

बाबा के उर्स में क्षेत्रीय विधायक एवं उर्स कमेटी अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार, दरगाह प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर, पूर्व अध्यक्ष भाजपा जाहर सिंह, सूरज सिंह, विवेक मिश्रा,भैयाराम सिंह लोधी आदि अतिथि गण शामिल हुये। उर्स कार्यक्रम में हिंदुस्तान के मशहूर फनकार नौशाद सोला कब्बाल पार्टी सलबार शरीफ अजमेर और शहनाज बारसी कब्बाला पार्टी कलियर शरीफ के बीच तमाम रात कव्वालियों और गजलों के शानदार मुकाबले में दोनों कब्बाल पार्टियों ने जो अपने वतन के लिए कुर्बान हो गए तस्वीर उनकी लगाना, हिंदू, मुस्लिम, सिख इसाई सबको प्यारा है यह हिंदुस्तान हमारा है, जलवा सबको दिखलाते हैं ऐसे मेरे ख़्वाजा हैं, पर्दा रुख से सरकाते हैं मेरे ख़्वाजा ऐसे हैं की शानदार प्रस्तुति दी। जिसे सुनने के लिए लोग रात भर उर्स के मैदान पर डटे रहे और जमकर झूमते रहे। दूर-दूर से आए लोगों ने बाबा की दरगाह में पहुंचकर मत्था टेका और फिर कव्वालियों के साथ-साथ उर्स मेले का भी आनंद लिया। उर्स के मौके पर की गई आकर्षक विद्युत सजावट आकर्षण का केंद्र रही। उर्स के अवसर पर बाबा की दरगाह पर फातिहा के साथ नाते पाक, सलाम पेश किया जाकर देश की एकता और अखण्डता, अमन, चैन की दुआ की गई एवं तबरुख प्रसादि का वितरण किया गया।

उर्स कार्यक्रम का संचालन अशरफ खान ने किया एवं आभार मोहम्मद फिरदोश भाईजान ने माना। इस अवसर पर धामौनी दरगाह प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर, ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष एवं तहसीलदार बण्डा डी.सी राय, शाहिद भाई, रहीश मकरानी, अजीज बम्होरी, काजी मेहताब उद्दीन, जकि भाई, अजीम अंसारी, रफीक अहमद, अजमेरी आदि रहे मौजूद।

## रोज लग रहा हाइवे 18 पर जाम, लोगों ने की हाइवे को 4 लाइन करने की मांग

# हादसों की घाटी बालमपुर, पिछले 1 साल में हो चुकी हैं 70 घटनाएं

*कई लोग गवां चुके है हादसे में अपनी जान, तो कई अस्पताल में भर्ती, प्रशासन फिर भी नहीं दे रहा है इस ओर ध्यान*

### सिर्फ बालमपुर घाटी पर पिछले 12 महीने में हो चुकी 70 घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 स्थित बालमपुर घाटी पर आए दिन हादसे रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक ही स्थान पर कई वाहन दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। कुछ दिन पूर्व ही एक बार फिर बालमपुर घाटी पर बड़ी दुर्घटना देखने को मिली है। विदिशा से गेहूं भर कर महाराष्ट्र जा रहे एमएच 18 बीए 3288 ट्रक बालमपुर घाटी चढ़ते वक्त अनियंत्रित होकर पीछे हटते हुए खाई में जाकर पलट गया। जिसमें ड्राइवर और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से भोपाल रेफर किया गया है। भोपाल में घायलों का इलाज चल रहा है। बता दें कि इस एक ही स्थान पर कई हादसे अब तक हो चुके हैं। इसके बावजूद भी एमपीआरडीसी द्वारा सबक नहीं लिया जा रहा है। जिससे आए दिन वाहन दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं।

भोपाल विदिशा हाइवे की बालमपुर घाटी पर भी सप्ताह में एक दो हादसे हो रहे हैं, जिसमें कई वाहन चालक अपनी जान गवां चुके हैं और कई लोग घायल भी हो चुके हैं। फिर भी बालमपुर घाटी पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दुर्घटनाएं रोकने के लिए कोई उपाय नही किये जा रहे हैं। जिसकी वजह से आए दिन बालमपुर घाटी पर सड़क दुर्घटनाओं में वाहन चालक अपनी जान गंवा रहे हैं। कुछ माह पहले हो रहे हादसों को रोकने के लिए एमपीआरडीसी ने टूटी हुई रेलिंग की जगह नई रैलिंग लगाई है। ताकि सड़क हादसे रोके जा सकें। जिससे की रात के वक्त वाहन चालकों को घाटी पर अंधे मोड़ की सूचना पहले ही मिल सके। लेकिन यह रेलिंग भी 1 महीने के अंदर ही कई जगह से छतिग्रस्त होकर नीचे गिर गई है।यह रैलिंग आए दिन दुर्घटनाओं के कारण बार-बार टूट रही है। जिसकी वजह से वाहन आए दिन हादसों का शिकार होकर खाई में गिर रहे हैं। रैलिंग से पहले हादसों को रोकने के लिए सीमेंट की बोरिया भरकर भी रखी गई थीं। और इनमें रेडियम पट्टी भी चिपकाई गई थी। ताकि रात के समय दूर से ही वाहन चालकों को संकेत मिल सके और रास्ता स्पष्ट दिखाई दे सके। लेकिन यह उपाय भी काम ना दे सका।



#### भोपाल विदिशा हाइवे से प्रतिदिन गुजरते हैं 10 हजार वाहन

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 से दिन भर में लगभग 10 हजार छोटे बड़े वाहन निकलते हैं। जो यूपी, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात, भोपाल, विदिशा व मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जाते हैं। यहां से बड़े बड़े ट्राले और ट्रक क्षमता से अधिक माल लेकर बालमपुर की घाटी से निकलते हैं। वहीं कुछ बड़े भारी वाहन भी यहां से गुजरते हैं। जो त्रिमूर्ति चौराहे से लेकर सलामतपुर, रेलवे ओवरब्रिज, बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज, सूखी सेवनिया से होते हुए घाटी तक जाते हैं। जो कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो जाते हैं। क्योंकि सड़क काफी छोटी है और दोनों और सुरक्षा के लिहाज से रेलिंग तो लगाई गई है, लेकिन वह भी फिर से जगह जगह से टूटने लगी है।*

#### रहवासियों ने की स्टेट हाइवे को 4 लाईन करने की मांग

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है। और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स

#### इनका कहना है

*स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। घाटी पर अंधा मोड़ होने से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड हैं। इसीलिए यहां हादसे बढ़ रहे हैं। हाइवे को शीघ्र ही 4 लाईन किया जाए। लोग तो अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहने लगे हैं।*

**- रघुवीर सिंह मीणा,** सरपंच रातातलाई।

*भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर प्रतिदिन हजारों वाहन निकलते हैं। कई जगह सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। इनमें बाइक का टायर घुस जाता है, जिसकी वजह से चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं घाटी पर अधिक चढ़ाई की वजह से भी हादसे होते रहते हैं।*

**- अशोक त्रिपाठी,** निवासी रातातलाई

#### पहले भी ट्राला रिवर्स होकर गिरा था खाई में

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 की बालमपुर घाटी पर आए दिन रोड दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ समय पूर्व अशोक लीलैंड ट्राला जीजे 12 जेड 1725 सलामतपुर रेलवे रेक पॉइंट से लोहे की टीन के रोल लेकर जमुनिया वेलस्पन कंपनी जा रहा था। रास्ते में बालमपुर की घाटी पर चढ़ते समय ट्राले के ब्रेक फेल हो गए और ट्राला रिवर्स होकर नीचे खाई में उतर गया।वो तो गनीमत रही थी कि ट्राले के ड्राइवर और क्लीनर को कोई चोट नही आई। दोनों ने ट्राले से कूदकर अपनी जान बचा ली। अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 की बालमपुर घाटी पर अधिक चढ़ाई होने की वजह से यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। अभी कुछ समय पहले ही बालमपुर घाटी पर सुबह लगभग 5 बजे कटनी से चावल भरकर इंदौर जा रहे आयशर मिनी ट्रक क्रमांक एच आर38 आर 7261 ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया था। मिनी ट्रक में ड्राइवर सहित सवार तीन लोग सवार थे। जिन्होंने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई थी। इसलिए तीनों को मामूली सी चोटें आई थी। वहीं एक हार्वेस्टर भी घाटी पर चढ़ते समय पलट गया था। पलटने से उसके दो टुकड़े हो गए थे। हालांकि पूरी घाटी रोड पर सुरक्षा की दृष्टी से रेडियम भी लगाए हैं। ताकि रात के समय वाहन चालकों को दुर्घटना से बचाया जा सके। लेकिन उसके बाद भी बालमपुर घाटी पर हादसे रुकने का नाम नही ले रहे हैं।*

## शहर में पार्किंग न होने से बन रही जाम की स्थिति

### एक भी बैंक के पास नहीं है पार्किंग व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में सड़कों पर अतिक्रमण होने से प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे हैं। राहगीरों, वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है। शहर के अंदरूनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है। बाकी की कसर दो पहिया वाहन चालक पूरी कर देते है। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती है। दोनों ओर के दुकानदार सड़कों को ही शोरूम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है।

नगर के मुख्य बाजार में सुबह से लेकर देर रात यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान हैं। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में महामाया चौक, भोपाल-सागर तिराहा, माता मंदिर चौराह पर आये दिन जाम की स्थिति बन रही है। वही इन मार्गो पर होटल, किराना, स्टेशनरी, स्कूल सामग्री, कपड़ा सहित अन्य जरूरी सामानों की दुकानें हैं। दुकानदारों ने शेडों के जरिए तो कई दुकानदारो द्वारा सामान और शोकेस रख लिए जाता है। सड़कों पर दुकान खुलते ही अतिक्रमण कर लिया जाता हैं।

#### दुकान के बाहर रखा समान, प्रशासन नहीं करता कार्रवाई

*शहर के सांची मार्ग पर भोपाल-सागर तिराहे से लेकर माता मंदिर चौराहे तक अनेकों दुकानदारो के द्वारा सड़क पर सामान रख का कब्जा कर लिया है। फलस्वरुप दिन में अनेको बाद जाम के हालात बनते है। एक तो दुकानदारो का सड़क के आधे हिस्से पर सामन रखकर कब्जा कर लेने दूजा खरीदारी करने बाजार आने वाले नागरिकों द्वारा दो, चार पहिया वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर देने से पैदल राहगीरो को परेशानी होती है।*

#### बाजार की छोटी गलियों में भी लग जाता है जाम

*शहर के मुख्य बाजार में जब ग्राहक को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिलती है तो वे नगर की संकरी गलियों में ही वाहनों को रखकर खरीदी करने चले जाते हैं। ऐसे में छोटी .छोटी गलियों में भी घटो जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के दौरान प्रेशर हार्न का इस्तेमाल भी खूब होता है, जिससे व्यापारी सहित आम।*

### खबर संक्षेप

#### एससी-एसटी छात्रावास में प्रवेश हेतु करें आवेदन

**रायसेन।** जिले में संचालित जनजातीय एवं अनुसूचित जाति के छात्रावास, आश्रमों में शिक्षण सत्र 2024-25 में एमपीटास पोर्टल मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जाएगा। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि जो छात्र-छात्राएं छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते हैं वे छात्रावास में प्रवेश के पूर्व अपना प्रोफाईल पंजीयन अवश्य कराएं। छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाईल पंजीयन कराना अनिवार्य है। इन संस्थाओं जूनियर/आश्रम, उत्कृष्ट/सीनियर एवं महाविद्यालय बालक/कन्या में बिना प्रोफाईल पंजीयन के छात्र-छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रोफाईल पंजीयन कराने हेतु विभागीय वेबसाईट पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाईल पंजीयन करा सकते हैं। छात्र-छात्राएं जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते हैं, उस छात्रावास में जाकर निःशुल्क प्रवेश आवेदन फार्म प्राप्त करें एवं पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि 01 जून तक संबंधित छात्रावास में अधीक्षक के पास जमा कराना होगा। छात्र-छात्राओं को आवेदन के साथ प्रोफाईल पंजीयन, जाति, मूल निवासी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बैंक खाता एनपीसीआई एक्टिव/आधार लिंक, मार्कशीट, फेमिली समग्र आईडी एवं अन्य सभी की छायाप्रति लगाना है।

#### स्वामी विवेकानंद कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि

**रायसेन।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत स्नातक बीए, बीएससी तथा बी कॉम और स्नातकोत्तर एमए, एमएससी तथा एमकॉम प्रथम वर्ष में नियमित प्रवेश के लिए ई-प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया 01 मई से शुरू हो गई है। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं स्वयं अथवा एमपी ऑनलाईन के कियोस्क के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज अपलोड करते हुए ऑनलाईन पंजीयन करवा सकते हैं।
सत्र 2024-25 से महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अनेक नवीन विषय व पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। नियमित प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं स्नातक प्रथम वर्ष के लिए 20 मई 2024 तथा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष हेतु 21 मई 2024 तक प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन करवा सकते हैं। ई-प्रवेश से संबंधित जानकारी वेबसाइट ई प्रवेश पर देखी जा सकती है।

## कृषि कार्य में आने वाली मशीनरी का किया जा रहा 'व्यवसायिक' उपयोग

### नियमों को भूल बरत रहे मनमानी, फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

कृषि कार्य में किए जाने वाले ट्रैक्टर ट्राली का धड़ल्ले से ना केवल व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है, बल्कि जान जोखिम में डाल कर सफर भी कराया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियो की नजरो के सामने से प्रतिदिन टेक्टर ट्राली में 35 से अधिक लागो को बैठाया जा कर सफर कराया जा रहा है। लेकिन अधिकारी कार्रवाही नही कर रहे है।



ट्रैक्टर ट्रॉलियों का उपयोग यूं तो कृषि कार्यों में होता है, लेकिन क्षेत्र में किसानों के खेती किसानी में सहयोगी अधिकतर ट्रैक्टर कृषि कार्यों के अलावा अन्य कार्य भी करते दिख रहे हैं। नगर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से भवन निर्माण सामग्री रेत गिट्टी की ढुलाई से लेकर मालवाहक के रूप में ट्रैक्टरों का बेजा इस्तेमाल हो रहा है। इतना ही नहीं गांवों से पचासों लोगों को ट्रॉली में बैठा कर यात्री परिवहन कर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र में कई बार ट्रैक्टर ट्रॉलियां दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुकी है बावजूद इसके ट्रैक्टर चालक इन हादसों से सबक नहीं ले रहे हैं।

यातायात नियमों का ज्यादा उल्लंघन टैक्टर संचालन में हो रहा है। अधिकतर ट्रैक्टर चालक अकुशल रहते हैं, जो परिवहन के नियम भी नहीं जानते है। लोगों को ट्रॉली में भरकर ऐसे चालक उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। साथ ही सड़क पर वाहन चालकों राहगीरों के लिए भी खतरा बढ़ा रहे हैं।

#### राजस्व को लग रहा चूना

*नियमों के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग खेती किसानी संबंधी कार्यों में ही किया जा सकता है। इनका व्यवसायिक या सवारी वाहन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ट्रैक्टर को कृषि कार्य में प्रयुक्त होने से टैक्स में छूट मिलती है लेकिन व्यवसायिक इस्तेमाल होने से शासन के राजस्व को भी क्षति पहुंच रही है।*

#### प्रशासन करे कार्रवाई

*अनाधिकृत रूप से नियमों को दर किनार कर संचालित हो रहे ट्रैक्टर-ट्राली ऑपरेटरो पर अधिकारियों को सख्त कार्रवाही करनी होगी, ताकि हादसों रुक सके।*

*दीवानगंज पुलिस की ने कार्रवाई...*

## आर्म्स एक्ट में 3 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



दीवानगंज चौकी पुलिस ने रविवार को आर्म्स एक्ट में 2021 के एक मामले में 3 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह दांगी ने बताया कि भोपाल भानपुर क्षेत्र निवासी सनी अहिरवार पिता नरेश अहिरवार उम्र 22 साल आर्म्स एक्ट के एक मामले में 3 साल से फरार चल रहा था।

पुलिस भी इसकी लगातार तलाश कर रही थी। इस बीच मुखबिर के जरिए पुलिस को आरोपी भोपाल भानपुर क्षेत्र में उसके घर होने की सूचना मिली। जिस पर एसपी विकास सहवाल के निर्देशन में एएसपी कमलेश कुमार व एसडीओपी प्रतिभा शर्मा एवं थाना प्रभारी सलामतपुर दिनेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी को उसके भोपाल स्थित भानपुर क्षेत्र में घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को रायसेन न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार आरोपी 2021 के आर्म्स एक्ट के मामले में 3 साल से फरार चल रहा था आरोपी से पूछताछ पता चला कि आरोपी मंडीदीप में रहकर काम कर रहा था आज घर पहुंचने पर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

आरोपी को गिरफ्तार करने में जो की प्रभारी रघुवीर सिंह दांगी हेड कांस्टेबल दिलीप यादव, हेड कांस्टेबल संजय लवंशी, आरक्षक सूरज वर्मा, आरक्षक धर्मेंद्र, आरक्षक जितेंद्र शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नगर पालिका ने टैंकरों से किया पानी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को आमखेड़ा एवं दीवानगंज लाईन में मेंटेनेंस के चलते सलामतपुर टाउन और आसपास क्षेत्र की विद्युत सप्लाई सुबह 8 से शाम 4 बजे तक बंद है। इसके चलते हलाली से पानी शहर में बने फिल्टर प्लांट तक नहीं पहुंच पाया। टंकियां खाली होने से आधे से ज्यादा शहर में पानी की सप्लाई प्रभावित रही। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

हालांकि नगर पालिका रायसेन द्वारा शहर में टैंकर के माध्यम से लोगों के घरों तक पानी पहुंचा रही है। शाम 4 बिजली सप्लाई चालू की जाएगी। इसके बाद ही हलाली से पानी शहर के फिल्टर प्लांट में पहुंचेगा।



सलामतपुर सांची विद्युत वितरण कंपनी के जूनियर ने बताया कि रविवार को मेंटेनेंस करके चलते सांची, मेढ़की, मुड़ियाखेड़ा, सलामतपुर, रातातलाई, ढकना चपना, दीवानगंज, अम्बाड़ी, बेरखेड़ी चौराहा की सप्लाई आठ घंटों के लिए बंद की गई है।

## कूल्हाड़िया के जंगल में पूरी रात से लग रही है आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गांव कुलहड़िया के पहाड़ों पर रविवार सुबह आग धधकती हुई नजर आई। आग किसने लगाई किसी को मालूम नहीं है

आंख धरे-धीरे जंगल में फैल रही थी लेकिन दोपहर के समय आग फिर से जलने लगी। आग धीरे-धीरे पहाड़ के नीचे और ऊपर फैलती जा रही थी। नर खेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में आग शनिवार शाम से लग रही है। पहले तो पहाड़ के नीचे ही नीचे लग रही थी। मगर रविवार को आग धीरे-धीरे पहाड़ पर जा रही है। अगर आग को अभी नहीं बुझाया गया तो आग पूरे पहाड़ पर फैल जाएगी। जिस पेड़ पौधे भी जलेंगे साथ ही जंगल में रहने वाले पशु पक्षियों पर भी संकट आ सकता है। आग से जंगल में मौजूद जल सोखने वाले पेड़ नष्ट हो जाते हैं। साथ ही जल्दी आग पकड़ने वाले पेड़ अपना असर दिखाते हैं। पहाड़ी जंगलों में लगने वाली आग का सबसे बड़ा कारण चीड़ के पेड़ों को ही माना जाता है।



यह जमीन को न सिर्फ सूखा बनाते हैं, बल्कि इस पेड़ की जल्दी जलने वाली सूखी पत्तियां भारी संख्या में गिरकर जमीन पर इकट्ठा हो जाती हैं। थोड़ी-सी चिंगारी मिलने पर ये तेजी से बहुत बड़े वन क्षेत्र को अपनी जद में ले लेती है। हालांकि, यह पेड़ों का ज्यादा नुकसान नहीं करती, लेकिन जमीन और मिट्टी के अंदर बिल बनाकर रहने वाले जीवों का इससे काफी नुकसान होता है।



## सूरज के तेवर हुए तीखे: 41 डिग्री पहुंचा पारा, गर्मी से बचाव के लिए लोग ढूंढने लगे दरख्तों की छांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

इस साल मौसम में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला। अप्रैल में भी कभी बारिश के साथ आंधी देखने को मिली। अब धीरे धीरे पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से तापमान बढ़ रहा है। मंगलवार को सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में तापमान 40 डिग्री पहुंच गया।

यह सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। पश्चिमी विक्षोभ समाप्त होने से अगले 4 से 5 दिन तापमान शुष्क ही बना रहेगा। हालांकि बुधवार व गुरुवार को 1 डिग्री गिरावट होने की संभावना है। इसके बाद तापमान में स्थिरता आएगी। अगले 10 दिन तक तापमान 39 से 41 डिग्री के बीच रहने वाला है। बीते शुक्रवार को एक अन्य विक्षोभ सक्रिय होने से तेज आंधी व बारिश हुई थीए लेकिन इसके बाद तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है।

#### चौबीस घंटे में बढ़ गया 2 सेल्सियस पारा

पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होते ही 24 घंटों के अंतराल में ही अधिकतम तापमान एक से 2 डिग्री तक बढ़ गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री था। इसी तरह रात के तापमान में भी वृद्धि हो रही है। सोमवार व मंगलवार को हवा की दिशा पश्चिम से पूर्व की ओर 12 से 15 किलोमीटर प्रतिघंटा की दर से बनी रही।

#### दिन चढ़ते बढ़ रहा पारा

*सूरज की पहली किरण के साथ ही जैसे.जैसे दिन चढ़ता है वैसे-वैसे तापमान में बढना शुरु हो जाता है। सुबह 9 बजे से ही गर्मी के तेवर प्रचंड होना शुरु हो जाते है। दोपहर 12 बजे तक मौसम में गर्मी पूरी तरह परवान पर होती है।मौसम का रुख लगातार बदल रहा है। ज्यों-ज्यों दिन चढ़ रहा है तापमान भी बढ़ रहा है।*

#### धूप के साथ उमस बढ़ी

*पश्चिमी गर्म हवा के प्रभाव से तथा दिन में तेज धूप के कारण गर्मी व उमस का असर अधिक महसूस किया गया। वहीं तेज धूप व गर्म हवा के प्रभाव से 24 घंटों के अंतराल में आर्द्रता 30 प्रतिशत से 7 प्रतिशत कम होकर 23 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके साथ ही रायसेन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया।*